फर्द अहकाम

अज अदालत–न्यायालय जिला कलक्टर–मुकाम–भरतपुर

नासिर अली खां बनाम विकास अधिकारी पंचायत समिति रूपवास

किस्म मुकदमा अपील आर. टी. आई नम्बर ...70... सन् 2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनियशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
22.04.2022	सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपीलान्ट नासिर अली खां पुत्र लाल खां जाति गद्दी पता खानुआ तहसील रूपवास जिला भरतपुर की अपील विकास अधिकारी पंचायत समिति रूपवास के खिलाफ प्राप्त हुई है। अपील दर्ज रजिस्टर हो। अपील का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी यह अपील विकास अधिकारी पंचायत समिति रूपवास के खिलाफ पेश की गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत विकास अधिकारी पंचायत समिति रूपवास के खिलाफ अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार इस कार्यालय को नहीं है। अतः प्राप्त मूल अपील प्रार्थी को वापिस लौटाकर सूचित किया जावे कि वे नियमानुसार अपील प्रधान पंचायत समिति रूपवास के यहां प्रस्तुत करें। पत्रावली फैसल शुमार हो। बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो। जिला कलक्टर भरतपुर (राज०)	